बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

आदेश

आपके जिला अन्तर्गत कुशल युवा केन्द्र की संचालन की अनुमति बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा आपको प्रदान की गई है। विदित है कि Learning Facilitator का तीन दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण दशरथ माँझी श्रम एवं रोजगार संस्थान, पटना में संचालित है। जिसमें अब तक दो बैचों का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। तथा तीसरे बैच का प्रशिक्षण जारी है। यह पाया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु बैचों में नामित LF अनुपस्थित पाये जा रहे है एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में LF दूसरे एवं तीसरे दिन के प्रशिक्षण में भी अनुपस्थित पाये जा रहे है।

अतएव उक्त के संबंध में संबंधित कुशल युवा केन्द्र संचालकों को चेतावनी दिया जाता है कि यदि भविष्य में होनेवाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके नामित LF अनुपस्थित पाये जाते है अथवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के किसी भी दिन अनुपस्थित पाये जाते है तो उनको भी अनुपस्थित मानते हुए, संबंधित कुशल युवा केन्द्रों के विरूद्ध बिहार कौशल विकास मिशन के स्तर से कठोर कदम उठाया जाएगा।

27/11/24

(सुरेश कुमार सिंह)
मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक– संख्या–बी0एस0डी0एम0 / KYP–182 / 2023 3682 पटना दिनांक– 27.11.2024

प्रतिलिपि–(1) सभी कुशल युवा केन्द्रों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) Team Leader – KRA को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(4) मिशन प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उक्त केन्द्र से कटौती सुनिश्चित किया जाए।

(5) सभी जिला नियोजन पदाधिकारी / जिला कौशल प्रबंधक, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/11/24

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन।